### सार-समाचार

## कपड़े, बिस्किट एवं फल बांटे



**निम्बाहेड़ा,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी एवं अंबिका केंद्र निम्बाहेड़ा के संयुक्त तत्वाधान में चित्तौड़गढ़ जॉन चेयरपर्सन वीरा सरोज ढेलावत का जन्मदिन 125 ग्रामीण बच्चों के साथ मनाया गया। अंबिका चेयरपर्सन रेणु कोठारी के अनुसार सरोज ढेलावत के जन्म दिवस के उपलक्ष में कानपुरा, शाहाबाद, गुर्जरों की झोपड़ी एवं दो आंगनबाड़ी में बच्चों को कपड़े, बिस्किट एवं फल वितरित किए गए एवं बच्चों के बीच केक काटा गया। पद्मिनी चेयरपर्सन प्रीति खेरोदिया ने अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना एवं जॉन चेयरपर्सन ढेलावत की लंबी उम्र की कामना की। इसके पश्चात श्री सांवरिया गौशाला जाकर एक ट्रैक्टर हरि घास से गौ सेवा की। इस अवसर पर संगीता जैन, अल्पना चपलोत, आजाद बंब, रानी संघवी, रेखारानी तिवारी एवं करिश्मा ढेलावत उपस्थित थे। अध्यापिका ज्योति जैन का विशेष योगदान रहा।

## ओबीसी अधिकार मंच की बैठक हुई

**बांसवाड़ा,** (निसं)। ओबीसी अधिकार मंच की चौपाल बैठक छोटा डुंगरा के शांति कुटी मंदिर परिसर में हुई। जिसमें क्षेत्र के ओबीसी एमबीसी के नागरिकों ने उपस्थित अपनी बात रखी। मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा पूर्व उप जिला प्रमुख कांतिलाल पंचाल ने टीएसपी क्षेत्र के ओबीसी एमबीसी को आ रही समस्याओं को जल्द ही मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष उदयलाल दांतला ने कहा कि राजनीतिक दल के ओबीसी संगठन यदि ओबीसी एमबीसी वर्ग की समस्याओं को लेकर आगे नहीं आते हैं तो सभी पदाधिकारियों को इस्तीफा दे देना चाहिए। इस्तीफे को लेकर सर्वप्रथम उन्होंने खुद ने इस मुद्दे पर अपने इस्तीफे की पेशकश रखी। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रोहित कोठारी ने संगठित होकर ओबीसी एमबीसी की संवैधानिक मांगों को लेकर संघर्ष करने की जरूरत बताई। सज्जनगढ उप प्रधान मांगीलाल लबाना ने राजनीतिक दलों के ओबीसी एमबीसी पदाधिकारियों से ओबीसी एमबीसी की समस्याओं को आगे रखने का आव्हान किया। सज्जनगढ के ईश्वर कलाल ने ओबीसी अधिकारों की रक्षा करने की जरुरत बताई। लोकेंद्र पगारिया ने कहा कि राज्य में एमबीसी वर्ग को मिलने वाली छूट का प्रावधान टीएसपी में नहीं मिलना यहां के एमबीसी वर्ग के साथ कुठाराघात है। राजेंद्र सिंह खज्जा ने संवैधानिक प्रावधानों को लेकर जागरूक होने की जरूरत बताते हुए राज्य में मिलने वाला एमबीसी को 5 प्रतिशत आरक्षण टीएसपी में लागू करवाने की भी मांग रखी। कुलदीप खज्जा ने ओबीसी एमबीसी के लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागृति पैदा करने की जरूरत बताई। युवा मोहित खज्जा ने युवा शक्ति से इस मुद्दे पर आगे आने का आव्हान किया। जिगर कलाल भानपुरिया ने आर्थिक रूप से सहयोग करने की जरुरत बताई। भूपन मेरावत ने कहा कि ओबीसी की जनगणना न होना गंभीर विषय है जिस पर सभी को एकमत होकर निर्णय लेने की आवश्यकता है। अंत में सभी ने आगामी जनगणना में ओबीसी की जनगणना नहीं होने पर जनगणना का बहिष्कार का प्रस्ताव पास किया। ओबीसी अधिकार मंच की चौपाल बैठक सीए कोतुल पडियार, उदयसिंह हगावानिया, करण खज्जा, कल्पेश खज्जा, विदित गहलोत, संजय कलाल तथा अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## पशु टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**भीम,** (निसं)। भीम उपखंड क्षेत्र के पीपलीनगर लाखागुड़ा मंडावर काछबली आदि ग्राम पंचायतों में पशु टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। पीपली पशुचिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. सुरेंद्रसिंह जैतावत के नेतृत्व में आशापुरा गौशाला लखागुढ़ा में वेक्सिनेशन किया गया। बताया कि मौसमी बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए गौशाला में गलघोंटू रोग के टीके लगाए गए पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा वेक्सिनेशन व उपचार किया गया। पशुपालन विभाग की टीम में पशु चिकित्सालय पीपलीनगर के प्रभारी डॉ सुरेन्द्रसिंह जैतावत पशु चिकित्सा सहायक बालकृष्ण मनात हीरासिंह रावत, पशुधन सहायक लाखागुडा नरेन्द्रसिंह रावत मंडावर विशालसिंह रावत आदि टीम द्वारा पशु टीकाकरण किया गया।

## पक्षियों के लिए मक्का डाली

**निम्बाहेड़ा।** क्षेत्र की प्रमुख समाजसेवी संस्थान महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय वीरा केंद्र अम्बिका की चेयरपर्सन रेणु कोठारी के नेतृत्व एवं जोन चेयरपर्सन सरोज ढेलावत की विशेष उपस्थिति में मूक पक्षियों को मक्का डालकर जीव दया की गई। रेणु कोठारी ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल के स्थापना सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में बने जीवदया प्लेटफॉर्म पर वीरा केंद्र की ओर से मूक पक्षियों के खाने के लिए मक्का डाली गई। इस कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन सरोज ढेलावत, अम्बिका चेरपर्सन वीरा रेणु कोठारी, डायरेक्टर डिम्पल सिंघवी, सचिव साक्षी सेठिया, रेखा पारख, कोषाध्यक्ष आजाद बम्ब, नीतू समदानी, पिंकी मूंदड़ा एवं निर्मला कड़ावत आदि मौजूद रही।

## राजकुमार से मिले विधायक

**मावली,** (निसं)। मावली विधायक धर्मनारायण जोशी शुक्रवार को कन्हैयालाल हत्याकांड में गवाह राजकुमार शर्मा के उदयपुर स्थित निवास पर पहुंचे और उनसे व परिजनों से मिलकर उनकी हौंसला आफजाई की और परिवार के रोजगार की स्थिति को देखते हुए अपने विधायक के वेतन से पच्चीस हजार रुपये का चेक परिवार को भेंट किया। विधायक जोशी ने बताया कि भय व असुरक्षा के भाव में राजकुमार व उनका परिवार सहमा हुआ है,रोजगार का संकट हो गया है। जोशी के साथ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश खोखावत, विजय प्रकाश विप्लवी, पूर्व पार्षद दिनेश गुप्ता, भाजपा नेता अशोक सिंघवी, मगन जोशी व भूपाल बाबेल भी साथ थे।

## 1500 जरूरतमंदों को फूड पैकेट दिये

**राजसमंद,** (निसं) नगर परिषद क्षेत्र में 1500 जरूरतमंद परिवारों को विभिन्न खाद्य सामग्री के फूड पैकेट का वितरण नगर परिषद सभापति अशोक टांक के सान्निध्य में किया गया। नगर परिषद सभापति ट्रांस ने बताया कि राजसमंद एम एस प्राइवेट लिमिटेड, अन्नू फाउंडेशन जयपुर एवं नगर परिषद की ओर से शहर की विभिन्न बस्तियों में जरूरतमंदों को प्रतिमाह खाद्य सामग्री का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत प्रत्येक फूड पैकेट में दाल, चावल, विभिन्न मसाले, आटा, बिस्किट्स, मैगी, चिप्स, चॉकलेट एवं गुलाब जामुन पाउडर सहित कुल 10 आइटम शामिल है। इनकी मात्रा परिवार की एक माह की जरूरत को ध्यान में रखते हुए रखी गई है। इसके तहत प्रतिमाह 1500 पैकेट का वितरण शहर की भीलमगरी सहित अन्य कच्ची बस्तियों आदि में किया जाएगा।


## शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**मावली,** (निसं)। मावली कस्बे के उपखंड कार्यालय में आज शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता उपखंड अधिकारी सुनील शर्मा ने की। बैठक में आगामी विभिन्न त्योहारों एवं उत्सवों की दृष्टिगत आपसी सद्भावना भाई चारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही उपखंड अधिकारी सुनील शर्मा ने अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान वृता अधिकारी कैलाश कुंवर, तहसीलदार रतन लाल कुमावत, उप तहसीलदार संपत सिंह भाटी, चिकित्सा विभाग बी सी एम ओ मोहन सिंह यादव मावली थाना अधिकारी फतहनगर थाना से उदय सिंह चुंडावत आदि अधिकारीगण लोपडा सरपंच लोगर भील जयप्रकाश बोखडीया, हीरा लाल जाट, गिरिराज जोशी मोहम्मद रजा खान, अतीक खान मेवाती आदि सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

## यादव शिविर के लिए चयनित

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी और रोवर हेमंत यादव पुत्र दिनेश निवासी निचला घंटाला का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए हुआ है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सीमा भूपेन्द्र ने बताया कि भारत स्काउट गाइड संगठन की ओर से वर्ष भर विषम से विषम भौगोलिक परिस्थितियों में विद्यार्थियों और युवाओं को रोवरिंग-रेंजरिंग गतिविधियों के माध्यम से कठोर अनुशासन में जीवन जीने, ऐसे प्रतिकूल मौसम में भी समाज सेवा करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। केदारनाथ उत्तराखंड में 10 से 15 जुलाई तक लगने वाले शिविर में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के लिए रवाना हो गया।

# ईद अल अजहा पर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन सतर्क



उदयपुर में शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते जिला कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

**उदयपुर,** (कासं)। रविवार को आयोजित होने वाले ईद अल अजहा को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शहर में ईद के त्यौहार दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाएं रखने की दृष्टि से शुक्रवार सुबह जिला कलेक्टर ताराचन्द मीणा के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का दल शहर के दौरे पर निकला और त्यौहार आयोजन के संबंध में जानकारियां लेकर व्यवस्थाओं संबंधित निर्देश दिए।

शुक्रवार सुबह कलेक्टर मीणा की अगुवाई में जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष, आईपीएस कुंदर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रशील ठाकुर, अभय कमांड सेंटर के एएसपी हर्ष रत्नु, नगर निगम आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ, यूआईटी सचिव बालमुकुंद असावा, स्मार्टसिटी सीईओ प्रदीपसिंह सांगावत सहित अधिकारियों ने शहर के मुस्लिम बहुल विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किशन पोल, खांजीपीर, मुखर्जी चौक, तीज का चौक, धोली बावडी, सिलावट वाडी, जाटवाडी, कल्लेसात, नई पुलिया, अंबा माता होते हुए मल्ला तलाई, बडी मस्जिद, अलीपुरा पहुंचे और यहां पर सभी गली मोहल्लों की व्यापक सफाई के साथ आवागमन की सुचारू व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। नोडल अधिकारी शकील हुसैन ने अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में ईद के दौरान होने वाली गतिविधियों व अपेक्षित व्यवस्थाओं के बारे में बताया। कलक्टर ने इस दौरान वेस्टेज मटेरियल को एकत्र करने के लिए नगर निगम को पर्याप्त वाहन व कार्मिक नियोजित करने, संवेदनशील स्थानों पर बेरिकेटिंग करवाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी व्यक्ति वेस्टेज को किसी भी जलाशय के पानी में न बहाएं। कलक्टर मीणा ने बताया कि ईद अल अजहा के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखने, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और आमजन से समन्वय स्थापित करने के लिए जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## ग्रामीणों की समस्यायें सुनी

**राजसमंद,** (निसं)। राज्यावास ग्राम पंचायत मे उप सरपंच गोवर्धन सिह गोड की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुनवाई हुई। जिसमें ग्रामीणों की समस्या सुनी और समाधान किया गया। ग्रामीणों ने राज्यावास, अमलोई सम्पर्क सडक को जल्दी पेचवर्क करवाने व खानीया बस्ती का बरसाती पानी को गडाई तालाब में डालने के लिये कहा। सीनियर विद्यालय का मेन गेट टूटने की शिकायत पर भामाशाह कानसिंह भाटी ने विधालय का मेन गेट लोहे का बनवाने हाथो हाथ मिस्त्री को बुलाकर आर्डर दिलवाया। ग्राम सचिव लक्ष्मण सिह चारण ने बताया कि पंचायत ने तीन ग्रामीणो के आवासीय पट्टे, पांच जोब कार्ड व एक मुत्यु प्रमाण पत्र बनवाया तथा वैणाखेडा मे आगंनबाडी के लिये पट्टा जारी किया। इस मौके पर विक्रम सिह भाटी, डॉ. सोनल हीगड ,पशु चिकित्सक सुनील जाखड, भैरूनाथ सिंह, शिक्षा से प्रिंसिपल सोमपाल सिह राणा, वार्ड पंच शम्भुलाल खारोल, मांगीदास वैष्णव, प्रताप रैगर, आगंनबाडी कार्यकर्ता व सहसचिव मीरा पुर्बिया, योगेश त्रिवेदी व बहुत से ग्रामीण उपस्थित थे।

## बूथ प्रबंधन एवं पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य समय पर पूर्ण करें : विधायक

**कपासन,** (निसं)। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का काम सतत रूप से करें। यह विचार विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक में व्यक्त किए। विधायक जीनगर के द्वारा कहा गया कि पार्टी निर्देशानुसार बूथ प्रबंधन एवं पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य समय पर पूर्ण करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री एवं प्रभारी कमलेश पुरोहित ने पन्ना प्रमुख एवं बूथ कार्यकारिणी की अब तक हुए कार्यों की प्रगति समीक्षा कर कहा कि कमजोर बूथों पर विशेष ध्यान देकर उनको मजबूत बनाने का कार्य करें।

मंडल महामंत्री सोहन खटीक बताया की कार्यक्रम को युवा मोर्चा जिला के महामंत्री राधेश्याम कुमावत एवं भीमगढ़ पंचायत के सरपंच गणेश लाल पुरबिया ने भी संबोधित किया, मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अब तक के बूथ प्रबंधन एवं पन्ना प्रमुख बनाने के कार्य का विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर ने किया एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, शंभू लाल बागड़ा, भागीरथ मनीष बारेगामा , राकेश आचार्य, रानी सिरोया, विजयश्री सिरोया, महिमा सोमानी, मीनाक्षी टेलर पार्षद लता वैष्णव, सुनीता शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, हंसमुख टेलर, नारायण लाल खटीक, गोपाल पुरबिया, महबूब शाह, मुकेश सिरोय, प्रेम प्रकाश नंदवाना, शिव प्रकाश लावटी, पुरुषोत्तम योगी, संजय सोनी, युवा मोर्चा के प्रतीक वैष्णव गौरव दाधीच, विकास बारेगामा, आशीष सोनी, धर्मराज शर्मा, यशवंत, हरिहर बारेगामा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के बाद उदयपुर में हुई कन्हैया लाल साहू की निर्मम हत्या पर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं राष्ट्रगान के साथ बैठक समाप्त हुई।


## उदयपुर में 6 कोरोना पॉजीटिव

**उदयपुर।** उदयपुर जिले में शुक्रवार को 6 पॉजीटिव मिल है। एक्टिव रोगियों की संख्या 37 हो गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश खराड़ी ने बताया कि आज मिली 483 जांच रिपोर्ट्स में 6 कोरोना संक्रमित मिले जिनमें 4 शहरी व दो ग्रामीण क्षेत्र से है। एक्टिव केस की संख्या 37 है जो सभी होम आइसोलेशन में है।

### सार-समाचार

## डॉ. शर्मा व डॉ. छतलानी सम्मानित





**उदयपुर,** (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डॉ. उत्तम प्रकाश शर्मा व डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी को यूनिवर्सिटी मलेशिया केलंतन, मलेशिया और डीएचएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में क्रमशः बेस्ट हेड ऑफ द डिपार्टमेंट ऑफ द इयर व बेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ द इयर (आईटी) के पेर्फिशियो सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा में नवीन पद्धितयों और नवाचारों का अन्वेषण कर उनके संवर्धन में अनुपम अवदान हेतु प्रदान किया गया। कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने डॉ. छतलानी व डॉ. शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान गर्व का विषय हैं। अकादमिक सम्मानों से विश्वविद्यालय भी समृद्ध हो रहा है। ज्ञातव्य हो कि राजस्थान विद्यापीठ में कई उच्च कोटि के शोध कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गयी योजनाओं यथा कौशल विकास परियोजना, उन्नत भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया एवं स्वच्छता अभियान के साथ भी यह विश्वविद्यालय सक्रिय रूप से जुड़ा है। विद्यापीठ द्वारा कोविड महामारी के समय में किए गए कार्य भी उल्लेखनीय हैं। इस आपदा काल में विद्यापीठ द्वारा कुशल ऑनलाइन शिक्षण, वेबिनार्स व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि कई कार्य किए गए।

## कलेक्टर यादव का स्वागत



**डूंगरपुर,** (निसं)। नवनियुक्त जिला कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव का जिला डूंगरपुर में पदस्थापित होने पर शुक्रवार को भाजपा जिला प्रतिनिधि मण्डल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डूंगरपुर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया व शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान भाजपा जिला संगठन प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिला अध्यक्ष प्रभु पंडया,विधायक गोपीचन्द मीणा, सभापति अमृत कलासुआ,जिला महामंत्री धनपाल जैन, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज जैन, एफसीआई सदस्य अजित जैन, पार्षद भूपेश शर्मा उपस्थित थे।

## परीक्षा 11 को

**बांसवाड़ा,** (निसं)। हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष समाजशास्त्र द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा 11 जुलाई सुबह 9.30 से 11 बजे तक होगी। प्राचार्य डॉ. सरला पण्डया ने बताया कि जीजीटीयू की ओर से होने वाली परीक्षा 22 जून को स्थगित होने के कारण अब 11 जुलाई को होगी। परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र पहले वाला ही रहेगा।

# शिक्षकों के स्थानांतरण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

**जयपुर/उदयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला से मुलाकात की और स्थानांतरण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई।

- **राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला से मुलाकात**



राव गोपाल सिंह आसोलिया

एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि जयपुर में शहीद स्मारक पर धरना प्रदर्शन कर उसी दिन राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाया गया था जिसे भी एक माह का समय हो गया है लेकिन शिक्षा विभाग में अभी तक स्थानांतरण की कोई विशेष हलचल प्रारंभ नहीं हुई है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला जैसे अनुभवी परिपक्व एवं निष्कलंक शिक्षाविद शिक्षा मंत्री बनाए जाने से शिक्षकों में पारदर्शी एवं नीतिगत स्थानांतरण करने की लाखों शिक्षकों में आस जगी है। उन्होंने बताया कि सरकार की इच्छाशक्ति हो तो अधिकतम ग्रामीण ठहराव एवं शहरी ठहराव तथा पिछले 3 वर्षों के परीक्षा परिणाम के आधार पर सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों से लेकर प्रधानाचार्य तक के स्थानांतरण आसानी से 1 दिन में नीति एवं नियमों का निर्माण करसकती है तथा इसमें गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षक संघ एकीकृत की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है जिससे लाखों शिक्षकों को सरकार संतुष्ट कर सकती है क्योंकि एकीकृत संगठन द्वारा राज्य के शिक्षकों के लिए एक राज्य स्तरीय शिक्षक स्थानांतरण एवं परिवेदना समिति का गठन भी किया जा चुका है। राज्य स्तरीय समिति के सचिव उदयपुर के गोपाल सिंह आसोलिया प्रदेश मीडिया प्रभारी को बनाया गया है जिनके पास राजस्थान के समस्त जिलों से परिवेदनाए भी प्राप्त हो चुकी है एवं नियमानुसार शिक्षा मंत्री को सौंप दी गई है जिसकी भूमिका एवं सेवा सरकार निष्पक्ष रुप में ले सकती है अन्यथा केवल डिजायर प्रथा तथा अन्य तरीकों से ताबडतोड स्थानांतरण करने से सरकार को शिक्षकों की नाराजगी ही मोल लेनी होगी एवं शिक्षकों में अनावश्यक भय एवं अराजकता का माहौल पैदा होगा तथा सरकार के प्रति नाराजगी बढेगी। उदाहरण के लिए उदयपुर के 8 विधानसभा क्षेत्र में केवल दो विधायक ही सत्ताधारी पार्टी के हैं ऐसी स्थिति में सरकार जीते हुए विधायकों की डिजायर स्वीकार करेगी या हारे हुए विधायकों की यह भी संशय का विषय है।

# पेड़ लगाओ-पेड़ बढ़ाओ प्रतियोगिता की शुरुआत

**भीम,** (निसं)। भीम उपखंड क्षेत्र की कूकरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच ख्यालीदेवी ने अपने पति पुष्पेन्द्रसिंह के सहयोग द्वारा पेड़ लगाओ पेड़ बढ़ाओ प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए वृक्षारोपण कर अपना जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाया। ग्राम पंचायत भवन कूकरखेड़ा में सरपंच ने अपने जन्मदिन पर सर्वप्रथम अपनी कुलदेवी माँ चामुण्डा के दीप प्रज्वलित किया व उसके बाद उपस्थित ग्रामीणों को मिठाई बांटकर अपना जन्मदिन मनाया तथा ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पेड़ों की सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर प्रतियोगिता की शुरुआत के साथ पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का आव्हान किया। कहा कि आप भी अपने घर परिवार में जन्मदिवस पर सादे रूप से आयोजन करें व जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगायें। इस दौरान सरपंच ख्यालीदेवी के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को नीम, शीशम, अर्जुन, एलेस्टोनिया, गुलमोहर आदि औषधीय एवं छायादार पौधे वितरित किये। इस प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत कूकरखेड़ा के प्रत्येक जाबकार्डधारी परिवार को छः प्रकार के पौधे निःशुल्क दिये जायेंगे। जिनमें नीम, गूल मोहर, शीशम, अर्जुन, हाईब्रिड शीताफल, एलेस्टोनिया होंगे। जिनके द्वारा इनको अपने घर पर, खेत पर, चारागाह भूमि पर, गांव की मुख्य सड़को पर, शमसानघाट पर लगाये जा सकेंगे। पूरे ग्राम पंचायत क्षैत्र में जिस परिवार के द्वारा लगाये गये पेड़ सबसे ज्यादा बड़े होंगे उस परिवार को ग्राम पंचायत स्तर पर पर्यावरण प्रेमी अवार्ड व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा। इस प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना है तथा अपने आस-पास में कम होते जा रहे पेड़-पौधों की संख्या में बढ़ोतरी करना है। यह प्रतियोगिता ग्राम पंचायत कूकरखेड़ा के लिये है।



कूकरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच ख्यालीदेवी ने अपने पति पुष्पेन्द्रसिंह के सहयोग से पौधे वितरित किये।

# स्वच्छ भारत मिशन अभियान का आगाज

**डूंगरपुर,** (निसं)। भाजपा प्रदेश स्वच्छता दूत ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ वृक्षारोपण कर एवं सिंगल यूज़ पॉलीथिन के उपयोग नहीं करने हेतु नॉन वोवेन केरी बेग का निःशुल्क वितरण कर मनाई। साथ ही भाजपा प्रदेश स्वच्छता संयोजक के के गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार से प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन अभियान का आगाज डूँगरपुर के नया महादेव परिसर में वृक्षारोपण कर आगाज किया गया। शुक्रवार को नया महादेव मंदिर परिसर में विवाह की 31वीं वर्षगांठ मनाने स्वच्छ भारत अभियान के भाजपा प्रदेश स्वच्छता दूत सुबोध जैन ने एक आयोजन किया। जिसमें मुकेश श्रीमाल एवं उनकी पत्नी बबीता श्रीमाल का मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के रीजनल सचिव गिरीश पानेरी, प्रांतीय संगठन मंत्री दिनेशचन्द्र श्रीमाल द्वारा पगड़ी शाल उपरने से स्वागत कर वृक्षारोपण किया।

प्रदेश स्वच्छता दूत मुकेश श्रीमाल व सुबोध जैन के नेतृत्व में सिंगल यूज़ पॉलीथिन की रोकथाम हेतु नॉन वोवेन केरी बेग के पैकेट गेप सागर तालाब की पाल स्थित 65 सब्जी विक्रेताओं को निःशुल्क वितरित कर पाबंद किया कि पॉलीथिन बैग्स का किसी भी परिस्थिति में उपयोग नहीं करेंगे। यदि ऐसा करते पाए गए तो प्रशासन के ध्यान में लाया जाएगा ताकि उनके विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके।

भाजपा प्रदेश स्वच्छता दूत सुबोध जैन ने प्रदेश भाजपा स्वच्छता दूत मुकेश श्रीमाल को आभार दिया क्योकि उन्होंने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को वृक्षारोपण एवम पॉलीथिन मुक्ति हेतु नॉन बोवेन थैलियों को सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओ निःशुल्क वितरित कर एक अनूठी मिसाल कायम की। प्रदेश स्वच्छता दूत मुकेश श्रीमाल ने पुरानी सब्जी मंडी में छूटकर सब्जी विक्रेताओं से आग्रह किया कि आपको नॉन बोवेन थैलियों का ही उपयोग करना है। साथ ही जो भी सब्जी लेने आवे उसे अपने घर से कपड़े के बैग को साथ लेकर आने का आग्रह करें।

पूर्व सभापति एवं भाजपा प्रदेश स्वच्छता संयोजक के के गुप्ता ने डूँगरपुर की जनता से अपील की है कि स्वच्छ भारत मिशन को हम सबको अपना व्यक्तिगत मिशन बनाना है और संकल्पित होकर हमे वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पॉलीथिन मुक्ति के लिए सकारात्मक सहयोग देकर अपनी आहूत देनी होगी। साथ गुप्ता ने कहा कि इंसान को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान को अपने जीवन में आवश्यक रूप से अंगीकार करना होगा जिससे हमारा शहर, प्रदेश और देश स्वच्छ और स्वस्थ होगा।

इस अवसर पर प्रवीण गेबिलाल श्रीमाल, भाग्यवती, केतन शाह, दिनेश पण्ड्या, गायत्री पण्ड्या, पूर्व पार्षद राजेश चौबीसा, महिपाल जोहियाला, पंकज जैन, राजेश जैन, अल्पेश जैन, जितेन्द्र पंचाल एवं प्रवीण श्रीमाल उपस्थित रहे।



भाजपा प्रदेश स्वच्छता संयोजक के के गुप्ता के निर्देश पर प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन अभियान का आगाज डूँगरपुर के नया महादेव परिसर में वृक्षारोपण कर आगाज किया गया।

## मुस्कान स्कूल का शुभारंभ किया

**डूंगरपुर,** (निसं)। मुस्कान संस्थान द्वारा संचालित मुस्कान स्कूल का प्रतिष्ठाचार्य पंडित सुरेन्द्र कुमार जैन सलुम्बर के सानिध्य एवं संस्थान सचिव भरत नागदा के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया।

संस्थान सचिव भरत नागदा ने बताया कि मुस्कान स्कुल का संचालन रेलवे क्रोसिंग के पास, बलवाडा, जिला डूंगरपुर पर किया जा रहा है। स्कूल में कक्षा नर्सरी से आठवी कक्षा तक बच्चो को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जायेगी। बच्चो के उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कराया जायेगा।

मुस्कान स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चो को अनेको औपचारिक एवं आधुनिक तरिको से शिक्षा दी जायेगी। इस मौके पर मुस्कान संस्थान द्वारा संचालित अनेकों प्रकल्पों व प्रोजेक्टों के माध्मय से वहां पर निवासरत अनाथ, गरीब, बेसहाय, पीडित बच्चे, महिलाऐं, वृद्धजन आदि ने उक्त कार्यक्रम में हर्षोल्लास से भाग लिया।

